an>

title: Need to set up a high-power radio transmitter at Dhanbad and also expand the existing capacity of radio and doordarshan stations in Dhanbad, Jharkhand.

**श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह)** ः वर्तमान में देश के आमजनों, किसानों और ग्रामीण लोगों के लिए रेडियो/दूरदर्शन मनोरंजन और देश-विदेश की खबरों की जानकारी का एक महत्वपूर्ण साधन है। धनबाद जिला के कोला कुसमा में करीब ढाई एकड़ भूमि राज्य सरकार ने शर्त के आधार पर ऑल इण्डिया रेडियो को रेडियो स्टेशन के लिए मुफ्त में दी थी। इस भूमि की लागत करीब 73 लाख रूपए थी। रेडियो के नाम पर यहां केवल 100 वाट का ट्रांसमीटर लगा है, जिसमें सिर्फ दूसरे स्टेशनों के कार्यक्रमों का प्रसारण होता है। धनबाद में 10 के.वी.ए. का ट्रांसमीटर लगना था इसके लिए दो मिनी साउंडप्रूफ स्टूडियों का निर्माण हो चुका है और 65 के.वी.ए. का जेनरेटर भी लगाया गया था, वह अमृतसर स्थानांतरित हो गया। पुनः ज्ञात हुआ है कि धनबाद का ट्रांसमीटर संभवतः पश्चिम बंगाल स्थानांतरित हो गया, जो झारखण्ड की जनता के लिए अन्याय प्रतीत होता है।

आज दूरदर्शन/रेडियो के माध्यम से प्रधानमंत्री के ""मन की बात"" कार्यक्रम और सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी मिलती है।

मेरा सरकार से आग्रह है कि धनबाद में स्थापित होने वाले रेडियो ट्रांसमीटर को स्थानांतरित करने के आदेश को तत्काल प्रभाव से रद्द करते हुए धनबाद में उच्च शक्ति के ट्रांसमीटर स्थापित करने और रेडियो/दूरदर्शन की विद्यमान क्षमता का विस्तार करने की व्यवस्था की जाये ताकि झारखण्ड के लोगों को रोज़गार का अवसर प्राप्त हो, स्थानीय कलाकारों की प्रतिभा का विकास हो और आमजनों को रेडियो/दूरदर्शन के कार्यक्रमों का अत्यधिक लाभ प्राप्त हो।